# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–जशपुर, (छ.ग.)

( dpmu.jas@gmail.com, cmohealth@gmail.com, ddojashpur@gmail.com )

**Ph No 07763223375, Fax No- 07763220654**

क्रमांक / 2288 / एन.एच.एम. / संविदा भर्ती / 2021–22

जशपुर, दिनांक 30 MAR 2022

## //विज्ञापन //

मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) के पत्र क्र / NHM / HR / 2022 / 272 / 3826 नवा रायपुर, दिनांक 03.30.2022 के परिपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन / जिला स्वास्थ्य समिति जिला जशपुर के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों नियुक्ति की जानी है जिस हेतु तालिका में दर्शित रिक्त पदों की जिला आरक्षण रोस्टर अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु पंजीकृत डाक / स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से बंद लिफाफे में निर्धारित प्रारूप में आवेदन दिनांक 20/4/2022 सायं 05 बजे तक **स्थान–कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–जशपुर (छ.ग.) पिन कोड–496331** में आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

| SN | Post Name | (Total Post) Vaccant | ST | | SC | | OBC | | UR | | Educational Qualification | Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | Physiotherapist | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | Bachelors Degree in Physiotherapist (BPT) with live registration in CG council | 18000/- |
| 2 | Community Nurse | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | बी.एस.सी. नर्सिंग के साथ नर्सिंग कौंसिल में रजिस्टर्ड एवं मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में 02 वर्ष का अनुभव। | 16500/- |
| 3 | Secretrial Assistant (District) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | Graduate With Atleast one year Diploma in Computer Application | 13650/- |
| 4 | Blood Bank Counsellor | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1.Essential Qualification:-Post Graduate in Social Work/Sociology/Psychology/ Anthropology/Human Development... 2.Desirable: Knowledge of Computers....Proficiency in MS Office. 3.Experience Minimum Two Years of after essential Qualification | 12000/- |
| 5 | Programme Associate DPHN (Distict Public health Nurse) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1.M.Sc. Nursing( Regular) + 1 Year of Experience (Privelage to Community Health Candidate ) + Live Registration of CG Nurses Regitration Council. OR 2.BSC Nursing (Regular)+ 3 year Experience Live Registration of Cg Nurses Registration Council | 30000/- |
| 6 | Secretrial Assistant (NVBDCP) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | Graduate With Atleast one year Diploma in Computer Application | 13650/- |
| 7 | Security Guard | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 01. 10th Passed शासकीय अर्द्धशासकीय / निजि संस्था में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य होगा। 02. शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था के अनुभव को अंक प्रदाय किया जाना है तथा निजि संस्था के अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थी को पात्र किया जाना है किन्तु अनुभव का अंक सम्मिलित नहीं किया जायेगा। 03. सेक्यूरिटी गार्ड हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम ऊंचाई 160 से.मी. होगी। जिसका मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। | 10000/- |
| 8 | ANM | 7 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 12th Passed , ANM Passed & INC Affiliated training center Live Registration in Chattisgarh Registration council | 12000/- |
| 9 | ANM (RBSK) | 4 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12th Passed , ANM Passed & INC Affiliated training center Live Registration in Chattisgarh Registration council | 12000/- |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Block Account Manager | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | BCom (Minimam 55%)+ 01 year Computer Diploma PGDCA, knowlegded & certificate of Tally compulsory | 21000/- |
| 11 | MO Ayush (RBSK) Male | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS)Ayurvedic, Homoepathy, Unani Council Registration Board.. | 25000/- |
| 12 | MO Ayush (RBSK) Female | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS)Ayurvedic, Homoepathy, Unani Registration Board | 25000/- |
| 13 | Staff Nurse NRC | 5 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | B.Sc. Nursing or GNM Course passed & Live registration in CG Nursing Reg. Council | 16000/- |
| 14 | BLOCK PROGRAMME MANAGER | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | MBA or MSW (With Minimum 55%) + 1 Year Diploma in Computer application | 26000/- |
| 15 | Rehabilition Worker(Physiotherapist) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | Bachelors Degree in Physiotherapist (BPT) with live registration in cg council | 16500/- |
| 16 | Nursing ICU | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | B.Sc. Nursing or GNM Course passed & Live registration in CG Nursing Reg. Council | 16500/- |
| 17 | Junior. Secretrial Assistant (NPCDCS) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | Graduate With Atleast one year Diploma in Computer Application | 12000/- |
| 18 | HWC Sangwari | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | Any Graduate + MSW Desirable: Experience in Data enrty | 13500/- |
| 19 | HWC Sangwari Data entry operator | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | Any Graduate + PGDCA Desirable: Experience in Data enrty | 13500/- |

## –:: चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा निर्देश ::–

**1. आवेदन पत्र के संबंध में:–**

1.1. आवेदक समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर जिले के वेबसाईट www.jashpur.nic.in में विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं।

1.2. निर्धारित प्रारूप में आवेदन दिनांक 20.04.2022 सायं 05 बजे तक **स्थान–कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–जशपुर (छ.ग.) पिन कोड–496331** में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। इसके अलावा अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगें तथा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

1.3. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हतायें पूर्ण करना आवश्यक है अन्यथा आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जायेगा तथा उक्त संबंध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा। किसी भी परिस्थिति में विज्ञापन जारी दिनांक के बाद की तिथि में प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

1.4. आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों की स्व प्रमाणित एक–एक प्रति संलग्न करना आवश्यक है **लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम/श्रेणी अंकित करना अनिवार्य है।**

**2. आयु सीमा :–**

2.1 01 जनवरी 2022 को अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष होना चाहिये। आयु की गणना 01 जनवरी 2022 को आधार मानकर की जावेगी।

2.2 सेक्यूरिटी गार्ड हेतु आयु सीमा 21 से 40 वर्ष होगी तथा अजा/अ.ज.जा. वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु में 05 वर्ष की छूट होगी।

## 3. आवेदन शुल्क :–

3.1. आवेदन शुल्क का विवरण निम्नानुसार है :–

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह 25000 या 25000 से कम | मानदेय प्रतिमाह 25000 से ज्यादा |
|---|---|---|
| विकलांग / अ.जा. / अ.ज.जा. | रू. 100=00 | रू. 200=00 |
| अपिव / महिला | रू. 200=00 | रू. 300=00 |
| अनारक्षित | रू. 300=00 | रू. 400=00 |

3.2 प्रत्येक पद के आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति जशपुर (District Health Society, RCH Flexipool Jashpur C.G.) के नाम से जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट "जो जशपुर में देय हो" आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। बिना आवेदन शुल्क / डिमांड ड्राफ्ट के आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

3.3 आवेदक एक से अधिक पदों हेतु आवेदन कर सकते हैं। किंतु प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र भरना होगा एवं प्रत्येक आवेदित पद अनुरूप पृथक–पृथक आवेदन शुल्क देना होगा।

## 4. महत्वपूर्ण तिथियां :–

4.1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2022।

4.2. दावा आपत्ति आमंत्रण हेतु प्रारंभिक सूची प्रकाशन 10.मई 2022।

4.3. दावा आपत्ति अंतिम तिथि 17 मई 2022।

4.4. दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् कौशल परीक्षा हेतु मेरिट सूची जारी करने की तिथि 25 मई 2022।

❖ **अपरिहार्य कारणों से समय सारणी में परिवर्तन किया जा सकता है। जिसकी जानकारी जिले के वेबसाईट एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित की जावेगी।**

## 5. भर्ती प्रक्रिया :–

5.1. प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न दस्तावेजों की स्क्रुटनी उपरांत दावा आपत्ति हेतु पात्र अपात्र अभ्यर्थियों की सूची / दावा आपत्ति निराकरण, कौशल / दक्षता परीक्षा / साक्षात्कार हेतु बुलावा, चयन सूची एवं अन्य सूचना तथा निर्देश का प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जशपुर के सूचना पटल एवं जिले के बेवसाईट www.jashpur.nic.in में चस्पा / प्रसारित की जायेगी। अन्य किसी माध्यम से पृथक से कोई सूचना अभ्यर्थी को नहीं दी जायेगी। अभ्यर्थी समय समय पर नियमित रूप से जिले के बेवसाईट www.jashpur.nic.in का अवलोकन करते रहें।

5.2. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पत्र क्रमांक / एनएचएच / एचआर / 2019 / 329 / 611 अटल नगर दिनांक 03.06.2019 के अनुसार स्वीकृत पद जिनका मानदेय 16500 / – रूपये प्रतिमाह या 16500 / – रूपये प्रतिमाह से कम हो उन पदों में जिला जशपुर के पात्र मूल निवासी को चयन में प्राथमिकता दी जावेगी। जिले के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही संभाग स्तर के निवासियों को प्राथमिकता दी जावेगी एवं संभाग स्तर के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही राज्य के अन्य जिलों के पात्र अभ्यर्थियों को मेरिट क्रमानुसार चयन किया जा सकेगा।

5.3. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत पद जिनका मासिक वेतन 16500 / – रूपये प्रतिमाह से अधिक हो ऐसे पदों में प्रदेश के सभी अभ्याथियों को समान अवसर प्राप्त होंगें।

5.4. आवेदकों को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

5.5. जाति के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.6. प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन तथा लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा / साक्षात्कार / चयन हेतु आमंत्रित किया जावेगा–

| क्र. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | कौशल परीक्षा / साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यार्थियों की सख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

5.7. दस्तावेज सत्यापन तथा लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय निम्न दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है :–

1. दसवीं एवं बारहवीं की अंकसूची
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षों का)
3. तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र
4. अनुभव एवं नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र
5. संबंधित कौंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र
6. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र
7. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र
8. वैध मूल पहचान पत्र (आधार कार्ड/ वोटर आई.डी. आदि)
9. अन्य संबंधित दस्तावेज।
10. सेक्यूरिटी गार्ड हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम ऊंचाई 160 से.मी. होगी। जिसका मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. समस्त पदों के अभ्यर्थियों का चयन उपरांत पुलिस विभाग के माध्यम से चरित्र सत्यापन कराया जायेगा।

## 6. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु प्रावीण्य/चयन सूची :–

6.1. निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आवेदन पत्रों में से रिक्तियों के आधार पर पात्र अपात्र सूची तैयार कर निर्धारित अनुपात में अभ्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन/परीक्षा/चयन तथा साक्षात्कार हेतु आहूत किया जावेगा।

6.2. अनुभव के अंकों की गणना हेतु केवल आवेदित पद से संबंधित एवं शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं का प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। अनुभव प्रतिवर्ष के मान से 02 अंक अधिकतम 10 अंक तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत् अधिकारी तथा कर्मचारी को पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक अधिकतम 15 अंक 05 वर्ष हेतु प्रदान किया जावेगा। प्रत्येक वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त ही वर्ष का सीधे गुणांक के आधार पर अनुभव की गणना कर अंक दिये जायेगें। किसी भी समय या किसी भी प्रकार से दस्तावेज के असत्य पाये जाने पर अभ्यथियों की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।

6.3. अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के आदेश क्र/एफ1–67/2021/सत्रह/एक, नवा रायपुर, दिनांक 07.12.2021 के आदेशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंकों का लाभ दिया जायेगा। उक्त हेतु केवल शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं का समकक्ष पदों के अनुभव तथा नियोक्ता द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी किये प्रमाण पत्र ही मान्य किये जायेंगे।

6.4. अनुभव के अंको की गणना हेतु केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय शासन से वित्त पोषित का प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा। अनुभव प्रमाण पत्र आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के पूर्व का ही मान्य होगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रदाय होना अनिवार्य होगा एवं अन्य हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव ही मान्य होगा।

**6.5. अनुभव प्रमाणपत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी नियुक्ति आदेश की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा अनुभव के अंक नहीं दिये जायेंगे।**

6.6. अनुभव प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार की ओवर राईटिंग एवं त्रुटिपूर्ण होने की स्थिति में अमान्य कर दिया जावेगा।

## 7. स्टॉफ नर्स/ए.एन.एम./नर्सिंग संवर्ग पदों हेतु –

7.1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत का – 50 प्रतिशत अंक।

7.2. कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को 10 बोनस अंकों का लाभ दिया जायेगा।

7.3. अनुभव – 10 अंक/15 अंक (जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को 4 अंक प्रति वर्ष के मान से अधिकतम 20 अंक तथा गैर मितानिन अभ्यथियों को 02 अंक प्रतिवर्ष के मान से अधिकतम 10 अंक एवं एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यर्थियों को 03 अंक प्रतिवर्ष के मान से 15 अंक) प्रत्येक

वर्ष हेतु 2 अंक/03 अंक/04 अंक अधिकतम 05 वर्ष के लिये होगा तथा प्रत्येक वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त ही वर्ष का सीधे गुणांक के आधार पर अनुभव की गणना कर अंक दिये जायेगें।

7.4. उपरोक्तानुसार अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं बोनस के अंकों को जोडकर मेरिट सूची अनुसार अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार (20 अंक) अनुसार सूची तैयार की जावेगी।

7.5. नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को मितानिन के रूप में एक वर्ष कार्य करने पर 04 अंक देते हुए अधिकतम 20 अंको का लाभ दिया जावेगा। उपरोक्त प्रावधान 31 दिसम्बर 2018 तक जी.एन.एम. /नर्सिंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हो चुकी मितानिनों के लिए ही लागू होगा। कार्य अवधि का प्रमाण पत्र राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर का ही मान्य होगा।

**8. सरल क्रमांक 07 में दर्शित पदों को छोड़कर शेष पदों हेतु अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी :-**

8.1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों का प्रतिशत का – 55 प्रतिशत अंक ।

8.2. कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को 10 बोनस अंकों का लाभ दिया जायेगा।

8.3. अनुभव – 10 अंक/15 अंक (एनएचएम में कार्यरत् अभ्यथियों को अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्याथियों को 10 अंक) प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक/03 अंक अधिकतम 05 वर्ष के लिये होगा तथा प्रत्येक वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त ही वर्ष का सीधे गुणांक के आधार पर अनुभव की गणना कर अंक दिये जायेगें।

8.4. उपरोक्तानुसार अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं बोनस के अंकों को जोडकर मेरिट सूची अनुसार अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार (20 अंक) हेतु सूची तैयार की जावेगी।

| स.क्र. | पदनाम | चयन आधार |
|---|---|---|
| 1 | Physiotherapist ,Community Nurse, Blood Bank Counsellor, Programme Associate DPHN (Distict Public health Nurse), ANM, ANM (RBSK), Block Account Manager, MO Ayush (RBSK) Male, MO Ayush (RBSK) Female, Staff Nurse NRC, BLOCK PROGRAMME MANAGER, Rehabilition Worker(Physiotherapist), Nursing ICU. HWC Sangwari | कौशल/ दक्षता परीक्षा/साक्षात्कार/लिखित परीक्षा |
| 2 | Secretrial Assistant (District), Secretrial Assistant (NVBDCP), Junior. Secretrial Assistant(NPCDCS), HWC Sangwari Data entry operator | कौशल/दक्षता परीक्षा |
| 3 | Security Guard | लिखित/साक्षात्कार |

**8.5 अंतिम चयन सूची अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अनुभव के अंक, बोनस के अंक, कौशल/दक्षता परीक्षा/साक्षात्कार/लिखित परीक्षा के अंकों को जोड़कर बनाई जायेगी।**

**9. प्रतीक्षा सूची :-**

उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न नहीं होने तक जो पहले हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नये पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी सूची से भरा जा सकेगा। प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत, 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा, ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सकें।

**10. भर्ती के संबंध में अन्य शर्तें :-**

10.1. विज्ञापित पदों की संख्या में बैकलॉग पद शामिल है एवं पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

10.2. केवल आवेदन कर देने मात्र से ही किसी अभ्यर्थी द्वारा चयन का दावा मान्य नहीं होगा अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जायेगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। चयन के पश्चात् भी किसी भी समय किसी पत्र/प्रमाण या अन्य त्रुटि पाये जाने की अवस्था में नियमानुसार सेवा से पृथक किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

10.3. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। प्रत्येक आवेदन विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रूटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रूटि अथवा अपूर्णतः के आधार पर आवेदन बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र

चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा एवं ऐसे अभ्यर्थी को दावा–आपत्ति का अवसर नहीं दिया जावेगा।

10.4. अभ्यर्थियों को कौशल/दक्षता परीक्षा/साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित कुल अंको का 50 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। 50 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा 50 प्रतिशत अंक अर्जित नहीं करने की दशा में अभ्यर्थियों को अपात्र माना जावेगा।

10.5. समान अंक या प्रतिशत प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि को आधार मानकर वरियता निर्धारित की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी उसे प्राथमिकता दी जावेगी।

10.6. संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में 15 कार्य दिवस के भीतर उपस्थिति देना अनिवार्य होगा निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जावेगी।

10.7. आवेदन के साथ नवीनतम चस्पा फोटो, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों को स्वयं स्वप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन के साथ नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो, वांछित योग्यता प्रमाण पत्र, जाति, निवास एवं अन्य प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त किये जाने का अधिकार चयन समिति को होगा।

10.8. शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है उस संस्था का यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.ई. एवं संबंधित कौंसिल से मान्यता प्राप्त होना चाहिये।

10.9. **संविदा मानदेय** :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

10.10. पदों के साथ वर्णित वेतन सांकेतिक है। राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्णय से पदो के मानदेय में परिवर्तन संभावित है।

10.11. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का प्रतिवर्ष कार्य मूल्यांकन किया जावेगा। कार्य मूल्यांकन संतोषप्रद होने की स्थिति में संविदा सेवा अवधि की वृद्धि आगामी वर्ष हेतु की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे। भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर.ओ.पी. में स्वीकृति के आधार पर ही संविदा सेवा अवधि में वृद्धि की कार्यवाही की जावेगी।

10.12. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थिति होने के पश्चात् मानव संसाधन नीति के नियमानुसार एक माह का नोटिस देकर अथवा एक माह का वेतन जमा कर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार अभ्यर्थी को त्यागपत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा कर त्याग पत्र दिया जा सकता है।

10.13. संविदा भर्ती में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम एवं समय समय पर जारी अन्य निर्देश/आदेश/नियम यथा संशोधित लागू होंगे।

10.14. समस्त आवेदित पदों हेतु छत्तीसगढ़ संविदा भर्ती नियम 2012/यथा संशोधित एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 के नियम लागू होंगे।

10.15. यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डाला/डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

10.16. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गई है, चाहे वे किसी भी पद पर रहे हों, उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की श्रेणी में रखा जायेगा।

10.17. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

***(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)***

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला जशपुर (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारुप

| आवेदित पद का नाम | |
|---|---|
| विज्ञापन अनुसार पद का सरल क्रमांक | |
| उपरोक्त दोनों खण्ड नहीं भरे जाने एवं अपूर्ण/गलत जानकारी भरे जाने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा | |

स्व हस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें।

प्रति,

**मुख्य चिकितिसा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला जशपुर (छ.ग.)**

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :..............................
2. (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :..............................
3. पिता/पति का नाम :..............................
4. माता का नाम :..............................
5. (अ) जन्म तिथि (अंको में) : वर्ष .................. माह.................. दिन..................
   (ब) जन्म तिथि (शब्दों में) : ..............................
6. वर्ग (सामान्य/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अ.पि.वर्ग) :..............................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. लिंग ( पुरुष/ महिला/ अन्य) :..............................
8. क्या आवेदक छ.ग. का मूल निवासी हैं हां या नहीं :..............................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
9. स्थायी निवास का पता :..............................
   :..............................
   :..............................

   पत्र व्यवहार का वर्तमान पता :..............................
   :..............................
   :..............................

   मोबाईल/दूरभाष नं ..............................

   ई मेल आई.डी..............................

**10. आवेदन शुल्क –**

(आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक से District Health Society, RCH Flexipool Jashpur के नाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि जशपुर में देय होगा, डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट के अलावा अन्य किसी भी माध्यम से शुल्क देय मान्य नहीं होगा।)

11. बैंक ड्राफ्ट का विवरण :– डी.डी. कमांक .................. राशि ..................
    बैंक का नाम .................. दिनांक..................

**12. शैक्षणिक योग्यता एवं व्यवसायिक योग्यता का विवरण :–**

| क | परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों का पूर्णांक | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों का प्राप्तांक | प्रतिशत् |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**13. संबंधित पदों हेतु कौंसिल पंजीयन का विवरण :–**

| क्र | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय का नाम | कौंसिल का नाम | पंजीयन क्रमांक | वैधता की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**14. अनुभव– (केवल शासकीय / अर्द्वशासकीय / शासकीय वित्त पोषित निकाय द्वारा जारी नियुक्ति आदेश के आधार पर पूर्ण कालिक ही मान्य होंगे) :–**

| क | संस्था का नाम | पदनाम | वेतनमान | कार्यकाल दिनांक......... से ........... तक | अनुभव वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| | | | | योग– | |

15. क्या आप विवाहित है (हां / नहीं) ................

**16. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या ................. (निम्नांकित क्रम में संलग्न करें)**

1. बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति
2. दसवीं / बारहवीं की अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र
3. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षों का)
4. तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र
5. अनुभव एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र
6. संबधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र
7. जाति प्रमाण पत्र
8. मूल निवास प्रमाण पत्र
9. अन्य आवश्यक दस्तावेज यदि कोई हो।

## –:: घोषणा पत्र ::–

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे, जो मुझे मान्य होंगे।

स्थान...............................

दिनांक............................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

नाम.....................................................

पूर्ण पता..............................................

*(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)*